Hansraj College
University of Delhi
Mahatma Hansraj Marg, Malka Ganj
Delhi – 110007

हंसराज महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय
महात्मा हंसराज मार्ग, मल्कागंज
दिल्ली 110007

30.01.2022

सूचना

आर्य समाज और डी.ए.वी. संस्था से संबद्ध हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय का अत्यंत ही प्रतिष्ठित महाविद्यालय है. अकादमिक उत्कृष्टता के साथ ही शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी कॉलेज ने अपना विशिष्ट स्थान बनाया है. इस संदर्भ में हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर शोध एवं नवाचार की दृष्टि से आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं का विकास किया गया है|

कॉलेज में इसके आरम्भ से ही एक वैदिक अध्ययन शोध संस्थान और यज्ञशाला भी है जहाँ मासिक यज्ञ का आयोजन किया जाता है और इसमें घृत आदि गौ उत्पादों का भी उपयोग होता है|

इसी क्रम में गाय संबंधी उत्पादों की वैज्ञानिकता एवं गौ उत्पादों की महत्ता तथा उसकी उपयोगिता पर शोध की दृष्टि से कॉलेज में स्वामी दयानंद सरस्वती गौ-संवर्धन केंद्र की स्थापना की गई है|

हंसराज कॉलेज अपने परिसर में छात्राओं के लिए छात्रावास के निर्माण के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है तथा उसकी प्रक्रिया चल रही है. सम्बंधित निकायों से स्वीकृति के पश्चात कॉलेज में छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण नियमानुसार किया जाएगा. यह कार्य कॉलेज की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता असंदिग्ध है|

गौ संवर्धन केंद्र और छात्राओं के लिए छात्रावास के निर्माण का कॉलेज की संरचनाओं के विकास संबंधी नीति से कोई विरोधाभास नहीं है बल्कि यह गुणवत्ता, शोध और सम्यक शिक्षा प्रदान करने तथा आर्य समाज एवं हंसराज कॉलेज को परिभाषित करने वाले वैदिक मूल्यों और परम्पराओं का ही महत्वपूर्ण अंग है|

प्रो. (डॉ.) रमा
प्राचार्या

E-mail: principal_hrc@yahoo.com Tel: +91-11-27667458, +91-11-27667747